*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
**भारतीय बस्ती**

बस्ती 30 नवम्बर 2024 शनिवार

## सम्पादकीय

### प्रियंका गांधी से कांग्रेस को उम्मीदें

केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश है। निश्चित रूप से उनके राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। शायद यह पहली बार है कि संसद में गांधी परिवार के तीन लोग सदस्य हैं। उनसे पहले राज्यसभा में मां सोनिया गांधी और लोकसभा में भाई राहुल गांधी की सक्रिय उपस्थिति बनी हुई है। उनकी इस जीत से निश्चित रूप से संसद में गांधी परिवार के प्रभाव को मजबूती मिलेगी। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि यह आज भी वंशवादी नेतृत्व पर पार्टी की निर्भरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, प्रियंका गांधी अपने आकर्षक व्यक्तित्व व प्रभावी कुशल वक्ता के रूप में पहचान रखती हैं। वह कांग्रेस पार्टी के लिए भविष्य की बड़ी उम्मीद हैं। उनकी उपस्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करती है। एक ओर जहां राहुल गांधी के नेतृत्व व अभिव्यक्ति को लेकर आलोचना की जाती रही है, मगर प्रियंका गांधी वाड्रा अपने नपे–तुले शब्दों में मुद्दों को तार्किक ढंग से उठाने के लिये भी जानी जाती हैं। उनका यह राजनीतिक कौशल वायनाड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बखूबी देखा गया। अपने इसी गुण के चलते वह चुनाव अभियान के दौरान तमाम मतदाताओं, खासकर महिलाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने में कामयाब रहीं। लोगों को साथ जोड़ने की यही क्षमता उनकी निर्णायक जीत में खासी मददगार साबित भी हुई। उनके चुनाव अभियान ने कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार किया। यही वजह है कि पार्टी के भीतर उनकी सफलता को लेकर खासा जोश भी है। पार्टी के भीतर भी कई लोगों को उम्मीद है कि उनकी इस रिकॉर्ड जीत से कांग्रेस पार्टी संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सकेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो देश में पार्टी की अपील में आशातीत विस्तार की संभावनाओं को बल मिल सकेगा। फलतरू पार्टी को मौजूदा संकट से उबरने में मदद मिलेगी।

यह निर्विवाद सत्य है कि राजनीतिक समय की दृष्टि से प्रियंका गांधी वाड्रा की सफलता के खास मायने हैं। उनकी संसद में दस्तक ऐसे समय में हुई जब देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी बेहद चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना कर रही है। पार्टी को हाल के दिनों में महत्वपूर्ण चुनावी झटकों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा में सत्ता की चाबी पार्टी के हाथ से फिसलकर भाजपा की झोली में जा गिरी है। राजनीतिक पंडित इन असफलताओं को पार्टी की घटती प्रासंगिकता के रूप में देखते रहे हैं। साथ ही कहा जाता है कि पार्टी भाजपा की संगठनात्मक ताकत को चुनौती दे पाने में विफल रही है। दूसरे शब्दों में, पार्टी भाजपा के राजनीतिक विमर्श का विकल्प नहीं दे पा रही है। साथ ही यह अहम सवाल भी उठाया जा रहा है कि सक्रिय राजनीति में प्रियंका का उदय क्या संघर्षरत कांग्रेस में नई जान फूंक सकने में कामयाब होगा? दरअसल, वायनाड में उनकी जीत को स्थानीय सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति के लिये उन्हें अभी और मेहनत करनी होगी। इस जीत को राष्ट्रीय गति में बदलने के लिये रणनीतिक सुधारों, गठबंधनों और भविष्य के लिये स्पष्ट दृष्टिकोण की जरूरत होगी। अभी यह देखना बाकी है कि क्या भविष्य के लिये वे एक स्पष्ट दृष्टिकोण का लाभ पार्टी का जनाधार विकसित करने के लिये दे पाएंगी। या फिर वह कांग्रेस की वंशवादी राजनीति की निरंतरता के रूप में उभरती हैं। निस्संदेह, जैसे ही वह राष्ट्रीय सुर्खियों में कदम रखेंगी, उन्हें पार्टी में नई प्राणवायु का संचार करने के लिये कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। उन्हें कालांतर यह भी साबित करना होगा कि कांग्रेस मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में एक व्यवहार्य विकल्प पेश कर सकती है। बहरहाल, प्रियंका गांधी वाड्रा की वायनाड में हुई शानदार जीत से न केवल केरल बल्कि पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई आशा का संचार हुआ है।

# पड़ोसी बांग्लादेश से बिगड़ते रिश्ते



—पुष्परंजन—




आपको चिटगांव जाना हो, तो सबसे शॉर्टकट रास्ता त्रिपुरा होकर है। गत 9 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री मोदी, और उनकी तत्कालीन समकक्ष शेख हसीना ने मैत्री सेतु का उद्घाटन किया था। दक्षिणी त्रिपुरा के सबरूम कस्बे से मैत्री सेतु के बरास्ते सीमा पार कीजिये, और रामपुर पहुंच जाइये, जो चिटगांव का उपजिला है। मैत्री सेतु अब भी चालू है, लेकिन सीमा आर–पार से 'मैत्री' गायब है। बुधवार को त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में, सनातनी हिंदू सेना ने बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की गिरफ्तारी को 'अस्वीकार्य' बताया, और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया, कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों और इस्कॉन पर बार–बार होने वाले हमलों के लिए जिम्मेदार है। प्रदर्शनकारियों ने कहा, 'यह बर्बरता है। इस्कॉन ने बांग्लादेश में आपदा राहत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, फिर भी उस पर हमला हो रहा है।'

बांग्लादेश में जो कुछ इस समय हो रहा है, चिटगांव उसका अधिकेंद्र है। इसे एपीसेंटर बनाने में चिन्मय कृष्ण का बड़ा हाथ है। अपने धुआंधार धार्मिक भाषणों के लिए जाने जाने वाले चिन्मय कृष्ण, चिटगांव के सतकानिया उपजिला से हैं। उनके तीन नाम हैं, 'चंदन कुमार धर प्रकाश', 'चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी', और तीसरा नाम है, 'शिशु बोक्ता'। उन्होंने कम उम्र से ही धार्मिक उपदेशक के रूप में अपनी लोकप्रियता के कारण 'शिशु बोक्ता' उपनाम अर्जित किया था। 2016 से 2022 तक, उन्होंने इस्कॉन के चिटगांव मंडल सचिव के रूप में कार्य किया। फिर, 2007 में चिन्मय कृष्ण, चिटगांव के हथजारी में पुंडरीक धाम के प्रधान बनाये गये।

आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस्कॉन बांग्लादेश ने स्पष्ट किया, कि चिन्मय कृष्ण दास (जिनकी गिरफ्तारी के कारण हाल ही में अशांति फैली), लीलराज गौर दास, और स्वतंत्र गौरांग दास सहित कुछ व्यक्तियों को पहले ही नियमों का उल्लंघन करने के कारण संगठन से हटा दिया गया था। इस्कॉन के महासचिव चारुचंद्र दास ने स्पष्ट किया कि उनकी कार्यशैली व्यक्तिगत थीं, और उनका इस्कॉन से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा, 'इस्कॉन बांग्लादेश कभी भी सांप्रदायिक या संघर्ष–प्रेरित गतिविधियों में शामिल नहीं रहा है। इस्कॉन, एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना जारी रखेगा।'

देशव्यापी अशांति के बीच अगस्त, 2024 में 'सनातन जागरण मंच' का उदय हुआ। चिन्मय दास को इसका प्रवक्ता नियुक्त किया गया था। इस्कॉन का प्रतिनिधित्व करने की बजाय, चिन्मय कृष्ण बांग्लादेश के व्यापक हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने लगे। प्रधानमंत्री शेख हसीना देश छोड़कर चली गईं, तो बड़े पैमाने पर विद्रोह के दौरान कई हिंदू घरों और मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। इसके जवाब में, यह मंच शुरू किया गया। हाल ही में सनातन जागरण मंच ने चिटगांव और रंगपुर में बड़ी रैलियां आयोजित कीं, जहां चिन्मय ने हिंदू समुदाय के अधिकारों की वकालत करते हुए जोशीले भाषण दिये थे। लेकिन क्या, 'सनातन जागरण मंच' के गठन, और उसे मिलने वाले फंड के पीछे रॉ की कोई भूमिका है? ढाका के पावर कॉरिडोर से इस बात का इशारा बराबर हो रहा है, मगर 'ऑन द रिकार्ड' अबतक किसी अधिकारी ने बयान नहीं दिया है।

25 अक्तूबर, 2024 को चिटगांव के न्यू मार्केट चौराहे पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर भगवा झंडा फहराने के आरोप में चिन्मय और 18 अन्य के खिलाफ देशद्रोह का मामला, 30 अक्तूबर को दर्ज किया गया था। इसी केस के सिलसिले में चिन्मय कृष्ण को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने 25 नवम्बर, सोमवार को शाम 4.30 बजे हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया। मंगलवार को उन्हें चिटगांव की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने चिन्मय कृष्ण को जेल भेजने का आदेश जैसे दिया, उनके अनुयायियों ने हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिये। कोर्ट परिसर में ही बेकाबू भीड़ ने एक युवा वकील सैफुल इस्लाम आलिफ को पीट–पीट कर मार डाला था। हिंसक भीड़ को काबू करने के वास्ते पुलिस फायरिंग भी हुई थी।

प्रदर्शनकारियों ने कोर्ट परिसर में वकीलों के चेंबर, और एक मस्जिद में भी तोड़फोड़ की थी। उत्पात में कुल 26 लोग घायल हो गए। उधर, शेख हसीना की पार्टी के छह लोग गिरफ्तार किये गए हैं। वकील अपने साथी की मौत के सवाल पर सड़क पर हैं। अंतरिम सरकार इसमें बुरी फंसी है। यह दिलचस्प है, कि चिन्मय कृष्ण के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज करवाने वाले मोहम्मद फिरोज खान को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है। कोर्ट में हुई हिंसक घटना के बाद, मोहम्मद फिरोज खान को 'सुरक्षा के लिए पुलिस हिरासत' में रखा गया है। सीधी सी बात है, खालिदा जिया की पार्टी, 'बीएनपी' का एक प्यादा इस काण्ड में फंस चुका था। इसलिए, उसे दूध की मक्खी समझकर सस्पेंड किया गया।

सबसे मुश्किल स्थिति भारत–बांग्लादेश के बीच आई तल्खी को लेकर है, जो शेख हसीना के निर्वासन के बाद से रुक नहीं पा रही। अभी हाल में विदेश मंत्रालय के कुछ डिप्लोमेट मिले। उन्होंने स्वीकार किया कि बांग्लादेश की कूटनीति को हैंडिल करना, आज की तारीख में सबसे चुनौती भरा काम है। भारतीय मीडिया की भूमिका भी इस समय संबंधों के लिहाज से सकारात्मक नहीं है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने सच्चाई को तोड़–मरोड़ कर पेश करने की वजह से भारतीय मीडिया को आड़े हाथों लिया है। अब निशाने पर हैं उद्योगपति अडानी। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के कार्यालय ने कहा कि समिति वर्तमान में सात प्रमुख ऊर्जा और बिजली परियोजनाओं की समीक्षा कर रही है, जिसमें अडानी पावर का कोयला आधारित संयंत्र भी शामिल है।

इससे भी ज़्यादा परेशान करने वाली बात यह है, कि भारत ने बांग्लादेश के अंदरूनी मामले को ऐसे समय में उजागर किया है, जब उत्तर प्रदेश में सांप्रदायिक हिंसा हुई है। हालांकि, यह बात पूरी तरह स्पष्ट है कि बांग्लादेश के आंतरिक मामलों से जुड़े प्रश्न बांग्लादेशियों को पूछने चाहिए। लेकिन, पूछ रहा है भारत।' अंतरिम सरकार के सलाहकार आसिफ महमूद साजिब भुइयां ने पहले स्पष्ट किया था कि चिन्मय की गिरफ्तारी, देशद्रोह के आरोपों पर आधारित थी, न कि उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर। वास्तविकता यह है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर भरोसे का भूस्खलन हुआ है। इसका डैमेज कंट्रोल कैसे होगा? बड़ा सवाल है!

—लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की पहल



—ललित गर्ग—




देश में बाल विवाह की प्रथा को रोकने, बढ़ते बाल–विवाह से प्रभावित बच्चों के जीवन को इन त्रासद परम्परागत रूढ़ियों की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने के लिये सरकार ने बाल–विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करके एक सराहनीय एवं स्वागतयोग्य उपक्रम से हिम्मत और बदलाव की मिसाल कायम की है। यह एक शुभ संकेत एवं श्रेयस्कर जीवन की दिशा है। यह किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है? क्यों लोग परंपराओं के खूंटे से बंधकर अपने मासूस बच्चों एवं बचपन से खिलवाड़ करते हैं? हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत दूरगामी मानवीय सोच से जुड़ा एक संवेदनशील आह्वान एक नई सुबह की आहट एवं क्रांति के विस्फोट की संभावना है। यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक संकल्प है, एक रोशनी है, एक मंजिल है, एक सकारात्मक दिशा है। एक वादा है देशभर में बाल विवाह पर जागरूकता फैलाने और समाप्त करने का। यह नये भारत–सशक्त भारत की बुनियाद है। बाल विवाह रोकने के तमाम कार्यों, योजनाओं और कानूनों के बावजूद अगर कामयाबी नहीं मिल रही है, तो जाहिर है, एक विशेष अभियान छेड़कर केन्द्र सरकार ने सराहनीय कदम उठाया है। यह राष्ट्रीय अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई प्रमुख योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की सफलता से प्रेरित है, जो विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए लड़कियों के बीच शिक्षा, कौशल, उद्यम और उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं बेटियों की आशाओं, आकांक्षाओं, संकल्पों से भरे सपनों की उड़ान को खुला आसमान देने में सक्षम होगा।

यह सुखद बात है कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 2029 तब बाल विवाह की दर को पांच प्रतिशत से नीचे लाने के मकसद से विशेष कार्य योजना बनाने का आग्रह किया है। यह बचपन की मासूमियत छीनने वाली 'बालविवाह' की बेड़ियों को तोड़ते हुए जागृति का एक शंखनाद किया है, एक समाज–क्रांति के बीज को रोपा गया है। सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। इसीलिये बाल–विवाह पर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी है कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा–बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। केंद्रीय मंत्री ने उचित ही कहा है कि बाल विवाह मानवधिकारों का उल्लंघन और कानून के तहत अपराध है। अच्छी बात है, सरकार ने अब एक तरह से मान लिया है कि कानून को जितना काम करना था, उसने किया इसके आगे अब विशेष अभियान की जरूरत है। बाल विवाह को रोकने के लिए अकेले कानून के भरोसे न बैठते हुए ठोस जागृति–अभियान की अपेक्षा है। अब सरकार ने इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिये कमर कसी है, तो उसका स्वागत होना चाहिए एवं इस अभियान को व्यापक रूप देना चाहिए।

बाल विवाह की कुरीति को देश में व्यापकता से देखने को मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मानवाधिकार उल्लंघन का सबसे खराब स्वरूप है। ठोस प्रयासों के बावजूद आज भी लगभग पांच में से एक लड़की का विवाह विधि सम्मत आयु 18 वर्ष से पहले कर दिया जाता है। किसी शहर में अगर एक विवाह सत्र में 1000 शादियां होती हैं, तो उनमें से 200 शादियों में दुल्हन की उम्र शादी लायक वैध नहीं होती। बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को यह भी बताया कि पिछले एक साल में लगभग दो लाख बाल विवाह रोके गए हैं। मतलब, सामाजिक संस्थाएं और पुलिस काम तो कर रही हैं, पर मंजिल अभी दूर है। बाल विवाह की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, राजस्थान, बिहार, झारखण्ड, असम और आंध्रप्रदेश में है। देश में 300 ऐसे जिले हैं, जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। ऐसा लग रहा है, लोग बेटियों का जीवन तो बचा रहे हैं, प्राथमिक शिक्षा भी देने लगे हैं, पर उन्हें अधिक पढ़ाने और आगे बढ़ाने पर उनका ध्यान नहीं है। बेटियों की जब कम उम्र में शादी होती हैं तो श्रम बल के रूप में न केवल उनकी उत्पादकता, बल्कि देश की क्षमता पर भी असर पड़ता है।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' की भविष्य दृष्टि से प्रेरित नये समाज की संरचना का दूरगामी प्रकल्प है। बच्चों पर बाल विवाह थोपना उनके अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का भी दमन है। भले ही मजबूरी में वे इस थोपे हुए विवाह के लिये राजी हो जाएं, लेकिन उसकी कसक जीवन पर्यंत बनी रहती है। जो उनके स्वाभाविक विकास में एक बड़ी बाधा बन जाता है। निश्चय ही इस बाबत बदलाव लाने के लिये कानून में जरूरी बदलाव लाने के साथ ही समाज में जागरूकता लाने की भी जरूरत है। इन सब दृष्टियों से यह अभियान सदियों से चली आ रही इस त्रासद परम्परा से मुक्ति का माध्यम बनेगा। पढ़ी–लिखी लड़की अगर विवाह–योग्य उम्र से ब्याही जाए, तो वह परिवार और समाज के लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। कम उम्र में विवाह से न केवल संतानों की गुणवत्ता बल्कि परिवार की आर्थिक, सामाजिक और मनावैज्ञानिक क्षमता पर भी असर पड़ता है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है कि बाल विवाह दर में सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक गिरावट दक्षिण एशियाई देशों में देखी गई है, जिसमें भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नए अभियान के अन्तर्गत इस परम्परागत विसंगति एवं विडम्बना को दूर करने के लिये व्यापक प्रयत्न किये जायेंगे। प्रारंभिक कार्ययोजना के अन्तर्गत बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया है। इस पोर्टल के जरिये बाल विवाह के विरोध में जागरूकता बढ़ाई जाएगी, बाल विवाह की शिकायत भी यहां दर्ज कराई जा सकती है एवं कार्य प्रगति की निगरानी भी की जाएगी। इस पोर्टल को सही ढंग से चलाया गया, गांवों और पंचायतों से जोड़ लिया गया, तो इसके सकारात्मक परिणाम आ सकते है। बाल विवाह मुक्त अभियान देश भर में युवा लड़कियों के सशक्तिकरण के सरकार के प्रयासों का प्रमाण है। यह प्रगतिशील और समतापूर्ण समाज सुनिश्चित कर हर बच्चे की क्षमता को पूर्णता से साकार करेगा। इस अभियान का संदेश 25 करोड़ नागरिकों तक पहुंचने की उम्मीद है। यह निर्विवाद है कि देश को विकसित बनाने के लिए महिलाओं की पूरी शक्ति का उपयोग जरूरी है और महिला शक्ति बढ़ाने के लिए बाल विवाह को रोकना ही होगा। आज सामाजिक सोच एवं ढांचे में परिवर्तन लाने की शुरुआत हो गयी है, इसमें सृजनशील सामाजिक संस्थाओं का योगदान भी महत्वपूर्ण होगा। आवश्यकता है वे अपने सम्पूर्ण दायित्व के साथ आगे आये। अंधेरे को कोसने से बेहतर है, हम एक मोमबत्ती जलाएं।

# जांच और उपचार से जीवन रक्षा



—ज्ञानेन्द्र रावत—

फ्लोरोसिस एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो दिन–ब–दिन बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण पानी में फ्लोराइड की अधिकता है, जिसके चलते हड्डियां, दांत, किडनी और अन्य शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस रोग से प्रभावित लोग, विशेष रूप से गर्म जलवायु वाले क्षेत्रों में हैं, जहां पानी की खपत अधिक होती है। भारत में राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है, जहां लोग हैंडपंप या कुओं का पानी उपयोग करते हैं। फ्लोरोसिस के कारण लोगों की हड्डियां कमजोर हो रही हैं, जिससे रीढ़ और शरीर के अन्य हिस्सों की हड्डियां टेढ़ी–मेढ़ी हो गई हैं। बच्चों के दांतों में पीलापन, छेद या टूटने की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा, हड्डियों में सूजन, जोड़ों में दर्द, घुटनों में सूजन और झुकने या बैठने में कठिनाई जैसे लक्षण भी देखे जा रहे हैं। इसके साथ ही पेट भारी रहना, कब्ज, प्यास न बुझना और किडनी के रोग भी बढ़ रहे हैं। अक्सर लोग हड्डियों के दर्द को गठिया समझ लेते हैं, लेकिन ये फ्लोरोसिस के लक्षण हो सकते हैं।

फ्लोरोसिस मुख्य रूप से दांतों को प्रभावित करने वाली एक कास्मेटिक स्थिति है, जो जीवन के पहले आठ वर्षों में फ्लोराइड के अधिक सेवन के कारण होती है, जब दांत बन रहे होते हैं। भारत के कई राज्य भूजल में फ्लोराइड की अधिक मात्रा से प्रभावित हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु प्रमुख हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, पानी के अलावा गेहूं, चावल और आलू जैसे खाद्य पदार्थों से भी फ्लोरोसिस हो सकता है। दिल्ली के कुछ इलाकों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भी फ्लोराइड की अधिक मात्रा से लोग प्रभावित हैं।

फ्लोरोसिस के बारे में जागरूकता का अभाव इसके बढ़ने का मुख्य कारण है। जल प्रदूषण, भूमिगत जल के अत्यधिक उपयोग और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही ने इस बीमारी को फैलने का मौका दिया है। शोध से पुष्टि हुई है कि फ्लोरोसिस किसी भी उम्र में हो सकता है, और यदि समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो यह गंभीर हो सकता है। बच्चों में डेंटल फ्लोरोसिस अधिक होता है, जिसके कारण उनके दांत कमजोर, पीलापन, छेद, धब्बे और गैप की समस्या उत्पन्न होती है। फ्लोरोसिस शरीर में पोटेशियम की वृद्धि और कैल्शियम की कमी का कारण बनता है। विशेषज्ञों के अनुसार फ्लोरोसिस होने के बाद किसी भी व्यक्ति का सामान्य जीवन जीना मुश्किल हो जाता है। इसलिए कोशिश की जानी चाहिए कि फ्लोरोसिस होने ही नहीं दिया जाए। यह ध्यान देने वाली बात है कि यह केवल दूषित पानी से ही नहीं होता, पानी के अलावा भी बहुत सारी चीजों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

बीते दिनों नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में क्लिनिकल ईकोटैक्सियोलॉजी फेसिलिटी की ओर से तीन दिवसीय 36वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटरनेशनल सोसायटी फॉर फ्लोरोसिस रिसर्च का आयोजन हुआ। इसमें भारत के अलावा जापान, थाईलैंड, चीन, ईरान और अन्य देशों के वैज्ञानिक शामिल हुए, जिन्होंने भूजल स्तर नीचे खिसकने समेत बहुतेरे कारणों की वजह से पानी में फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने के चलते फ्लोरोसिस की व्यापकता और बीमारी से निपटने के उपायों पर गहनता से विचार–विमर्श किया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और राजधानी क्षेत्र में भी फ्लोराइड की निर्धारित मात्रा मानक से कहीं बहुत ज्यादा है। यहां रहने वाले फ्लोराइड जनित बीमारियों से परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि पानी में फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने से न तो रंग में कोई बदलाव आता है और न ही स्वाद में कोई अंतर ही आता है।

# कक्षा आठ की छात्रा से हैवानियत, टॉयलेट में खींचकर किया रेप, विरोध पर पीटा

**संवाददाता–अयोध्या।** अयोध्या में कक्षा आठ की छात्रा से हैवानियत का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने गांव के बाहर बने टॉयलेट में छात्रा को खींच लिया। इसके बाद उससे रेप किया। छात्रा ने जब विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की और धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देंगे। लेकिन छात्रा आरोपी की धमकी में नहीं आई और शोर बचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने आरोपी युवक को दबोच लिया और उसकी पिटाई कर दी। पुलिस को युवक की पिटाई की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपित अभिषेक रावत के खिलाफ पॉक्सो, दुष्कर्म और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रसूलपुर का रहने वाला है। वह समारोह में डीजे बजाने का काम करता है। गुरुवार को गांव में एक शादी समारोह का कार्यक्रम था। वहां अभिषेक डीजे बजा रहा था। इसके बाद वह रात में ही गांव में घूमने लगा। इसी दौरान कक्षा आठ की छात्रा शौच के लिए घर से निकली। छात्रा को आता देखकर अभिषेक भी उसके पीछे लग गया और आगे जाकर छात्रा को दबोच लिया। इसके बाद अभिषेक छात्रा को खींचकर टॉयलेट में ले गया, जहां अभिषेक ने छात्रा के साथ अपनी हवस मिटाई।

अभिषेक ने छात्रा के साथ इस दौरान मारपीट भी की और जान से मारने की धमकी दी। शादी समारोह होने के कारण किसी को इसकी जानकारी नहीं हो पाई। छात्रा जब आरोपी के चंगुल से छूटी तो चीखती हुई घर की ओर भागी। छात्रा की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपी अभिषेक को पकड़कर उसकी धुनाई कर दी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर पुलिस ने पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रेमिका के घर आए प्रेमी को परिजनों ने पकड़ा

**संवाददाता–गोरखपुर।** सहजनवा नगर पंचायत के एक वार्ड में प्रेमिका के घर में घुसे प्रेमी को परिजनों ने पकड़ लिया। पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। किसी पक्ष द्वारा थाने में तहरीर नहीं दी गई है। जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत के एक वार्ड के युवक का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युवक गुरुवार देर रात उससे मिलने घर में घुस गया। उस दौरान युवती की मां बर्तन साफ कर रही थीं। घर में हलचल सुन कर कमरे में गई तो दोनों ने कमरे को बंद कर लिया। जबरजस्ती खुलाने के बाद युवक को परिजन ने पकड़ लिया। पिटाई करने के बाद पुलिस को बुलाकर सौंप दिया।

## विदेश से पैसों की लेनदेन और मानव तस्करी मामले में एनआईए टीम ने मारा छापा

**संवाददाता–गोरखपुर।** एनआईए की टीम तहसील प्रशासन और खजनी पुलिस को साथ लेकर सतुआ भार गांव पहुंची। टीम गांव के घर पर पहुंची और मुखिया से पूछताछ कर परिवार के सदस्यों का सत्यापन किया और सभी के फोटो लिए। रुपये की लेनदेन और मानव तस्करी के मामले की जांच में एनआईए पटना की टीम शुक्रवार को गोरखपुर पहुंची। तहसील प्रशासन और खजनी पुलिस को साथ लेकर टीम सतुआ भार गांव पहुंची। यहां एक परिवार का सत्यापन करने के साथ ही सदस्यों से पूछताछ कर टीम लौट गई। एनआईए पटना की टीम के पास जो सूची थी, उसमें कई नाम थे।

शुक्रवार की सुबह पांच बजे एनआईए के अधिकारी खजनी थाने पहुंचे। यहां थानेदार को साथ लेकर तहसील परिसर में पहुंचे। यहां से टीम सुबह छह बजे सतुआ भार परिवार के घर पहुंची। मुखिया से पूछताछ कर परिवार के सदस्यों का सत्यापन किया और सभी के फोटो लिए।

आधार कार्ड और सभी दस्तावेज का सत्यापन कराया। बताया जाता है कि परिवार का एक युवक विदेश में रहता है, उसके खाते में रुपये की लेनदेन होने के साथ ही आरोप है कि कई लोगों को गलत तरीके से विदेश भिजवाया है। तीन घंटे टीम गांव में रही। आसपास के लोगों से भी परिवार के बारे में जानकारी एकत्र कर अयोध्या रवाना हो गई।

एनआईए पटना की टीम के पास जो सूची थी उसमें खजनी के युवक के अलावा प्रदेश के अन्य जिले के भी लोगों के नाम थे, जिनके खाते में विदेश से बड़े पैमाने पर लेनदेन हुई है। एनआईए की टीम इन लोगों का भी सत्यापन कर रही है।

अपुष्ट सूत्रों के मुताबिक यह गिरोह नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों विदेश भेजता है। फिर उसे पाकिस्तानी एजेंट के हवाले कर देता है। एजेंट जाल में फंसे भारतीय नागरिकों से मानव तस्करी और साइबर फ्रॉड का काम कराता है। शक है कि गैंग में शामिल लोगों का संबंध विदेशी तस्करों से भी है।

### अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
सिविल अपील सं0 36/2024
अदालत– श्रीमान जिला जज महोदय बस्ती जिला–बस्ती

सियाराम
बनाम
राम अवतार आदि

1. राम अवतार उम्र लगभग 54 वर्ष पुत्र ठाकुर प्रसाद साकिन मौजा गोभिया तप्पा गौर परगना बस्ती पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
–रेस्पान्डेन्ट प्रथम वर्ग

2. रामनरेश उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्र ठाकुर प्रसाद साकिन मौजा गोभिया तप्पा गौर परगना बस्ती पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 3. प्रीति मौर्या उम्र लगभग 28 वर्ष पत्नी रामनरेश मौर्य साकिन नगर बाजार हाल मुकाम साकिन मौजा गोभिया तप्पा गौर परगना बस्ती पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 4. कान्ती दवी उम्र 52 वर्ष पत्नी रामजी साकिन मौजा एकमाहिरानिया तप्पा वेलवा परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला बस्ती
–रेस्पान्डेन्टियान द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 16–12–2024**

अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 16 महीना 12 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है। अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0)एफ0टी0सी महोदय बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0 619/2007

रामचेत
बनाम
इन्द्रजीत

12/1 अनिल कुमार सिंह उम्र लगभग 57 साल 12/2 सुरजीत कुमार सिंह उम्र लगभग 50 साल 12/3 आशीष कुमार सिंह उम्र लगभग 45 साल पुत्रगण स्व0 विन्देश्वरी 12/4 श्रीमती सावित्री सिंह उम्र लगभग 82 साल पत्नी स्व0 विन्देश्वरी 12/5 श्रीमती रेखा देवी उम्र 48 साल पुत्री स्व0 विन्देश्वरी निवासी ग्राम महेवाकुँवर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 18–12–2024**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 18 माह 12 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0–231/2023
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय जिला–बस्ती

गिरजेश बहादुर श्रीवास्तव
बनाम
मानसिंह आदि

1. गंगाराम 2. जमुना प्रसाद पुत्रगण पल्टूराम साकिनान अमहट उर्फ बैरिहवा तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 11–02–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 11 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0–450/2024
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय जिला–बस्ती

श्रीमती सोना देवी
बनाम
सत्रुघन

1. सत्रुघन पुत्र श्रीनेवास साकिन भटपुरवा पोस्ट चिलमा बाजार तप्पा ऊँजी परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 29–01–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 29 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0–148/2018
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय जिला–बस्ती

ई0 अजय कुमार सिंह
बनाम
सुनील कुमार गुप्ता

1. सुनील कुमार गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता प्रोपराईटर श्री बाबा मिल्स प्रा0 लि0 बी–35 प्लास्टिक काम्लेक्स गोरखपुर रोड बस्ती हाल मुकाम मंगल बाजार पुरानी बस्ती निकट करूआ बाबा पोस्ट पुरानी बस्ती जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 16–01–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 16 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0–702/2012
न्यायालय–श्रीमान द्वितीय अपर सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

अरविन्द उर्फ झिन्नू
बनाम
जगदम्बा आदि

1. श्रीमती कंचना देवी उम्र 58 वर्ष पत्नी स्व. जगदीश 2. लक्ष्मी उम्र 30 वर्ष 3. किरन उम्र 23 वर्ष 4. सुनीता उम्र 20 वर्ष पुत्रीगण स्व0 जगदीश 5. प्रिया उम्र 16 वर्ष नावालिग पुत्री स्व0 जगदीश समस्त साकिनान मौजा अमोढ़ा (बनकटवा) तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला बस्ती

**तारीख पेशी 20–01–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 20 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 29 माह 11 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

## पंखे से लटका मिला महिला का शव

**संवाददाता–गोरखपुर।** गुलरिहा क्षेत्र के सेमरा नंबर दो में शुक्रवार दोपहर एक महिला का शव पंखे से लटकता मिला। मौत की वजह पति–पत्नी के बीच का विवाद बताया जा रहा है। परिवारीजनों की सूचना पर पहुंची गुलरिहा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के सेमरा नंबर दो निवासी प्रमिला (35) की उसके पति जोगेन्दर से शुक्रवार दोपहर किसी बात को लेकर विवाद व मारपीट हो गई। इससे नाराज होकर पत्नी कमरे में गई और चादर का फंदा बनाकर पंखे से लटक गई। आसपास के लोगों का कहना है कि पति राजगीर मिस्त्री है और नशे का आदी है। आये दिन पत्नी से पैसा मांगने की बात को लेकर विवाद और मारपीट करता था। प्रमिला गांव में सरकारी स्कूल में खाना बनाने का काम करती थी। पति अपने दोनों बेटों अजीत और कृष्णा को लेकर घटना के बाद से फरार है। घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम पहुंच कर साक्ष्य इकट्ठा की है। मृतका का भाई इंदासन निवासी तिकोनिया नंबर दो थाना पिपराइच ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर दी है।

### अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 197/2024
अमीर जैन खांन–सायलान

1. अमीर जैन खांन उम्र 56 वर्ष पुत्र स्व0 जैनुल आवदीन खांन निवासी जैफ मंजिल पोस्ट गांधी नगर बस्ती मोहल्ला पिकौरा दत्तूराय तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 06–01–2025**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925

दरख्वास्त मुसम्मा वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 06–01–2025 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 197/2024
शिव विशाल मौर्या–सायलान

1. शिव विशाल मौर्या उम्र लगभग 53 साल पुत्र रामशंकर मौर्य 2. मीनाक्षी देवी उम्र लगभग 47 साल पत्नी स्व0 शिवबहादुर 3. बमबहादुर मौर्या उम्र लगभग 28 साल पुत्र शिव बहादुर 4. अजय मौर्या उम्र 18 साल पुत्र शिव बहादुर 5. उमा मौर्या उम्र 26 साल पुत्री शिवबहादुर साकिनान मौजा गंगापुर पाण्डेय तप्पा बेलवा परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 17–01–2025**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925

दरख्वास्त मुसम्मा वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 17–01–2025 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम

## चित्रकला में अलीशा प्रथम



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शब्दविद्या सेवा संस्थान और लीड यू फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वर्गीय श्रीमती रूँधावती पाण्डेय स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता विभिन्न विद्यालयों में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आधारित थी, जिसमें बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्या संधिला चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में अलीशा ने प्रथम, आंशिका मोदी ने द्वितीय और मुस्कान पटवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

श्री कृष्ण पाण्डेय इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य योगेश शुक्ल के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में निधि राव ने प्रथम, अंकित गुप्ता ने द्वितीय और शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्रीमती कृष्ण कुमारी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ. सुरभि सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में शालू ने प्रथम, रुखघ्सार ने द्वितीय और प्रगति पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ के अध्यक्ष श्री भावेष कुमार पाण्डेय ने सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वर्गीय श्रीमती रूँधावती पाण्डेय के शिक्षा और कला के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती पाण्डेय का जीवन विद्यार्थियों को प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कपीन्द्र मिश्र, हेमंत पाण्डेय, आदेश श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा गीता उपाध्याय, जीनत जहाँ, अमृता सिंह, नजमा नजीर अब्बासी, शिल्पी सिंह, पिंकी सिंह, सुनील त्रिवेदी, देवेंद्र तिवारी, सौरभ मिश्र, राजेन्द्र कुमार और बलवीर का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। आयोजकों ने इसे एक नई ऊर्जा के साथ हर साल आयोजित करने का संकल्प लिया।

## बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**संवाददाता–गोरखपुर।** कैंपियरगंज के रावतगंज में सोनौली हाईवे पर गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे दो बाइकों की आमने–सामने की टक्कर हो गई, जिसमें एक बाइक पर सवार चिलुआताल थाना क्षेत्र के हमीनपुर निवासी 25 वर्षीय सनी सहानी पुत्र रामानंद की मौके पर मौत हो गई। बाइक पर बैठे कैंपियरगंज के नवापार निवासी इन्द्रासन को हल्की चोट आई। दूसरे बाइक पर सवार महराजगंज जनपद के फरेन्दा थाना क्षेत्र के पिपरा तहसीलदार निवासी 21 वर्षीय अभय गौड़, 20 वर्षीय गौतम सहानी व 20 वर्षीय रवि यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।

## निपुण बनने के लिए 130650 बच्चों ने दिया नैट

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में गणित व भाषा में विद्यार्थियों को दक्ष बनाने के लिए निपुण भारत अभियान के तहत शुक्रवार को जनपद के 2275 परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक के 130650 छात्र–छात्राओं ने निपुण असेसमेंट टेस्ट परीक्षा दी। शनिवार को कक्षा चार से आठ तक के 174220 बच्चे परीक्षा देंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकल विहीन बनाने के लिए 185 अफसरों ने स्कूलों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा के दौरान की गतिविधियों से परिचित हुए। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र–छात्राओं की शिक्षा के प्रति रुचि और जागरूकता को लेकर विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से छात्र–छात्राओं को जागरूक और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाया जा रहा है। शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों में निपुण परीक्षा आयोजित हुई। जिले के 2275 परिषदीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के 130650 बच्चों ने परीक्षा दी। विद्यालयों में आयोजित होने वाले निपुण असेसमेंट टेस्ट (निपुण परीक्षा) निगरानी को लेकर टास्क फोर्स का गठन किया गया था है। जनपद के 185 अफसरों ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अमित शुक्ल ने बताया कि दो दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन कक्षा कक्षा चार से पांच के 97921 बच्चे, कक्षा छह से आठ तक के 76299 छात्र शामिल होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने उस्का विकास खंड के डुमरिया एवं विशुनपुर विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0–44/2021
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय जिला–बस्ती

अब्दुल्लाह
बनाम
मनौव्वर हुसेन

1. मनौव्वर हुसेन उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र अकबर अली निवासी ग्राम भुवनी तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 18–01–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 18 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 259/2024
प्रभुनाथ श्रीवास्तव–सायल

1. प्रभुनाथ श्रीवास्तव उम्र 71 साल पुत्र प्रमात्मा प्रसाद साकिन नेवादा तप्पा सिकन्दरपुर परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 05–12–2024**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925

दरख्वास्त मुसम्मा वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 05–12–2024 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
प्रकीर्णवाद सं0 144/2023
अदालत– श्रीमान प्रथम अपर जिला जज महोदय बस्ती जिला–बस्ती

नरेश चन्द्र
बनाम
श्रीमती हसीबुन्निशा आदि

1. श्रीमती हसीबुन्निशा उम्र लगभग 57 वर्ष पत्नी अब्दुल समद साकिन मोहल्ला रहमतगंज पोस्ट गांधी नगर बस्ती तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती
–रेस्पान्डेन्ट प्रथम वर्ग

2. इम्तियाज अहमद उम्र लगभग 58 वर्ष पुत्र अब्दुल अजीज साकिन ग्राम दरियावाद तप्पा उजियार परगना मगहर पूरव तहसील खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर हाल मुकाम ग्राम वेलवाडाड़ तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव डाकघर गांधी नगरी बस्ती तहसील व जिला–बस्ती
–रेस्पान्डेन्ट द्वितीय वर्ग

3. सीताराम उम्र लगभग 59 वर्ष पुत्र सुबालाल साकिन ग्राम वेलवाडाड़ तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव डाकघर गांधी नगरी बस्ती तहसील व जिला–बस्ती
–रेस्पान्डेन्ट तृतीय वर्ग

**तारीख पेशी 06–01–2025**

अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 06 महीना 01 सन 2025 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है। अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान चकबन्दी अधिकारी हर्रैया द्वितीय बस्ती जिला–बस्ती
धारा 109 च0अ0

अरबूनिशा
बनाम
अजीजुर्रहमान आदि

बावत मौजा परसाजप्ती तप्पा बांसखोर परगना बस्ती पूरव तहसील रूधौली जिला–बस्ती

1. मतीउर्रहमान 2. अतिकुर्रहमान पुत्रगण स्व0 अजीजुर्रमान 3. श्रीमती शमसुजहॉ पत्नी स्व0 अजीजुर्रमान साकिनान मौजा परसाजप्ती तप्पा बांसखोर परगना बस्ती पूरव तहसील रूधौली जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 06–12–2024**

चूंकि उपरीनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 12 के 06 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**